दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए देशवासियों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और योग को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दस लाख जीविका दीदियों के बैंक खाते में महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

03. देश के सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आठ दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान जताया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नौ संकल्प दिए हैं। श्री मोदी ने कर्नाटक के उडुपी में आयोजित कार्यक्रम में देशवासियों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, बाजरे का इस्तेमाल करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, तेल का इस्तेमाल कम करने और योग को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की।

———बाइट———

हमारा पहला संकल्प होना चाहिए कि हमें जल संरक्षण करना है। पानी बचाना है, नदियों को बचाना हमारा दूसरा संकल्प होना चाहिए कि हम पेड़ लगाएंगे देशभर में एक पेड मां के नाम अभियान को गति मिल रही है। इस अभियान के साथ अगर सभी मठों का सामर्थ जुड जाएगा तो इसका प्रभाव और व्यापक होगा। तीसरा संकल्प कि हम देश के कम से कम एक गरीब का जीवन सुधारने का प्रयास करें।

प्रधानमंत्री ने आज जिन नौ प्रस्तावों का ज़िक्र किया, उनमें से एक हमारी पुरानी पांडुलिपियों का संरक्षण भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारा पुराना ज्ञान अगली पीढ़ी को दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवद गीता केंद्र सरकार के अधिकांश कार्यक्रमों के लिए प्रेरणास्रोत रही है।

———बाइट———

साथियों भगवान श्री कृष्ण के उपदेश, उनकी शिक्षा हर युग में व्यावहारिक है। गीता के शब्द सिर्फ व्यक्ति ही नहीं राष्ट्र की नीति को भी दिशा देते हैं। आज सबका साथ, सबका विकास, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय ये हमारी नीतियों के पीछे भी भगवान श्री कृष्ण के इन्हीं श्लोकों की प्रेरणा है।

---

भारत के सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आठ दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आँकड़ों के अनुसार जुलाई–सितंबर तिमाही में विनिर्माण, खनन, परिवहन और बैंकिंग क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण जीडीपी में तेज वृद्धि संभव हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीडीपी में वृद्धि की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस वृद्धि दर को उत्साहजनक बताते हुए कहा कि यह सरकार की नीतियों और सुधारों के प्रभाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इससे देश की जनता के परिश्रम और उद्यमिता का भी पता चलता है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार सुधारों को आगे बढाने और प्रत्येक नागरिक के लिए जीवन आसान बनाने की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से एक हजार करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र की नौ लाख पचास हजार और शहरी क्षेत्र की पचास हजार महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को अपनी पसंद का कारोबार शुरू करने के लिए यह सहायता दी गयी है।

–––बाइट–––

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि चौदह दिसम्बर तक सभी पात्र जीविका दीदियों के खातें में राशि अंतरित करना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जा चुकी है।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि सरकार ने चुनावपूर्व वादे के अनुसार महिलाओं के खातों में दस–दस हजार रुपये भेजे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि एनडीए विपक्ष की तरह जनता से झूठे वादे नहीं करती है।

———बाइट———

जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने महिलाओं के बैंक खातों में दस–दस हजार रुपये भेजे जाने पर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो संकल्प लिया था उसे पूरा किया गया है। श्री कुमार ने कहा कि चुनाव से पूर्व सरकार ने जो भी वादे किये हैं वे सभी पूरे किये जायेंगे।

———बाइट———

इधर, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने आरोप लगाया है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान शुरू की गयी इस योजना से केवल कुछ महिलाओं को ही लाभ हो रहा है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिवालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य सचिव कोषांग, मंत्रिमंडल कक्ष, वित्त मंत्री का कार्यालय, अतिथि कक्ष सहित मुख्य सचिवालय के विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं और कार्य पद्धति की जानकारी ली। इधर, मुख्यमंत्री ने पीएमसीएच पहुंचकर पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्माणाधीन अस्पताल के नये भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और स्वास्थ्य सचिव के साथ अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत स्पष्ट नीतियों, सतत कार्रवाई और व्यवहारिक धरातल पर किए जा रहे प्रयासों के जरिए बाल विवाह का उन्मूलन करने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का लेख साझा करते हुए यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि इस लेख में बाल विवाह मुक्त भारत का आह्वान किया गया है।

---

श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा कि नए लेबर कोड से सभी कामगारों को न्यूनतम मजदूरी का लाभ मिलेगा। आकाशवाणी समाचार, पटना से विशेष बातचीत में श्री आनंद ने कहा कि नये कानून से संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा मिलेगी।

———बाइट———

---

गृह विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए एनडीए सरकार पूरी तत्परता से काम करेगी। श्री चौधरी ने आज पटना में कहा कि सभी तरह के संगठित अपराध में शामिल अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं से दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के बाहर एंटी रोमियो दस्ता भी तैनात किया जाएगा।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास का पच्चीसवां स्थापना दिवस समारोह आज धूमधाम से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में आयोजित किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नई दिल्ली से ऑडियो संदेश के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री पासवान ने कहा कि पिछले पच्चीस वर्षों में पार्टी ने कई चुनौतियों का सामना किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आने वाले समय में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद पार्टी की सांसद शांभवी चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि समाज के पिछड़े और दलित वर्गों के उत्थान के लिए पार्टी शुरू से समर्पित रही है।

---बाइट---

---

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने आज विकास भवन स्थित अपने कक्ष में खेल विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार खेल विश्वविद्यालय और बिहार खेल अकादमी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

---

गोवा में छप्पनवां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का भव्य समापन समारोह आरंभ हो गया है। बीस नवम्बर से शुरू हुए इस फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में अनेक सितारे भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन और महोत्सव के निदेशक शेखर कपूर भी शामिल हैं। इस वर्ष फिल्मोत्सव में इक्यासी देशों की दो सौ चालीस से ज्यादा फिल्में दिखाई गईं।

---

निगरानी ब्यूरो की टीम ने सीवान जिले के हसनपुर अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर सह राजस्व कर्मचारी दिलीप कुमार सिन्हा को पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जमीन से संबंधित दस्तावेज पास कराने के बदले रिश्वत मांगने की शिकायत पर पटना से पहुंची निगरानी ब्यूरो की टीम ने ये कार्रवाई की है।

---

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद में सबसे कम ग्यारह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पूर्णिया में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता पांच सौ मीटर दर्ज किया गया। विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के शेखपुरा–सिकन्दरा मुख्य सड़क पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने अंतरजिला हथियार तस्कर गिरोह के दो अपराधियों को दो पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया में एसएसबी की छप्पनवीं बटालियन ने भारत–नेपाल सीमा से छियानवे किलो गांजा बरामद किया है।

---

रोहतास के जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा है कि रबी सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए यूरिया सहित सभी प्रमुख उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से फसल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मृदा स्वास्थ कार्ड के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की है।

---

कैमूर जिले के भभुआ सदर अस्पताल में सिविल सर्जन ने आज अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन किया। नई व्यवस्था शुरू होने से मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए देशवासियों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और योग को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दस लाख जीविका दीदियों के बैंक खाते में महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

03. देश के सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आठ दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।